भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1652
02 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देना

1652. श्री अनिल फिरोजिया:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश के उज्जैन क्षेत्र में फलों तथा सब्जियों को बढ़ावा देने तथा प्रसंस्कृत करने की सरकार की कोई कार्य-योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त राज्य में फलों तथा सब्जियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना का विचार है; और

(घ) यदि हां**,** तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में फलों एवं सब्जियों सहित कृषि-बागवानी उत्पादों के बढ़ावा देने तथा प्रसंस्कृत करने हेतु एक अम्ब्रेला स्कीम-प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) कार्यान्वित कर रहा है । पीएमकेएसवाई की "ऑपरेशन ग्रीन्स" स्कीम के अंतर्गत मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले की एकीकृत मूल्य श्रृंखला विकास के लिए आलू उत्पादन के क्लस्टरों में से एक क्लस्टर के रूप में पहचान की गई है ।

(ग) और (घ): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय पीएमकेएसवाई के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना को प्रोत्साहन देता है । यह अपने स्तर पर कोई खाद्य प्रसंस्करण यूनिटें स्थापित नहीं करता है ।

*****